बोर्ड परीक्षा से पहले स्कूलों में डीईओ ने जांची व्यवस्थाएं

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) बोर्ड परीक्षाओं में शत-प्रतिशत परिणाम हासिल करने और जिले को प्रदेश के ग्रीन जोन में शीर्ष स्थान पर पहुंचाने के लिए शिक्षा विभाग ने प्रयास तेज कर दिए हैं। इसी कड़ी में जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने अंबाला छावनी के तीन सरकारी विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया।

इनमें राजकीय उच्च विद्यालय सब्जी मंडी, पीएमश्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रामबाग रोड और राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बकरा मार्केट शामिल रहे। निरीक्षण के दौरान डीईओ ने 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों की परीक्षा तैयारियों का जायजा लिया। साथ ही स्कूल शिक्षा विभाग के प्रधान सचिव विजय सिंह दहिया की ओर से शुरू किए गए सफलता मिशन की प्रगति की समीक्षा की। सब्जी मंडी स्कूल की दसवीं कक्षा के सभी 20 विद्यार्थियों से उन्होंने व्यक्तिगत बातचीत की। इस दौरान बच्चों से उनके पसंदीदा और कठिन विषयों के बारे में जानकारी ली और संबंधित शिक्षकों को कमजोर विषयों में सुधार के लिए समय रहते कदम उठाने के निर्देश दिए।

डीईओ ने विद्यार्थियों को नियमित अभ्यास और आत्मविश्वास के साथ पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि अर्धवार्षिक परीक्षा में एक-दो विषयों में शत-प्रतिशत अंक हासिल किए जा सकते हैं तो वार्षिक परीक्षा में भी पांचों विषयों में यह लक्ष्य प्राप्त करना संभव है पीएमश्री स्कूल रामबाग रोड में सफलता मिशन को लेकर लगाए गए जागरूकता पोस्टरों की उन्होंने सराहना की।

अवैध खनन पर अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभाग फील्ड में रहकर करें कार्रवाई- डीसी

अंबाला (सिटी मीडिया) उपायुक्त सचिन गुप्ता ने अपने कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति (खनन) की बैठक को लेकर जिले में अवैध खनन की रोकथाम के लिए संबंधित विभागों द्वारा की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उपायुक्त ने कहा कि अवैध खनन पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए संबंधित विभागों की टीमें फील्ड में सक्रिय रहकर निगरानी करें। यदि कहीं भी अवैध खनन या खनिजों के अवैध परिवहन की गतिविधि सामने आती है तो संबंधित के खिलाफ नियमानुसार सख्त कार्रवाई अमल में लाई जाए। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के स्पष्ट निर्देश हैं कि अवैध खनन किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बैठक में उपायुक्त ने माइनिंग विभाग, आरटीए विभाग, पुलिस विभाग तथा हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो द्वारा अवैध खनन एवं अवैध परिवहन के खिलाफ की गई कार्रवाई की बिंदुवार समीक्षा की। जिला खनन अधिकारी प्रियंका ने जानकारी देते हुए बताया कि अक्तूबर 2026 के दौरान जिले में कुल 38 वाहन जब्त किए गए। इनमें माइनिंग विभाग द्वारा 7, हरियाणा राज्य प्रवर्तन ब्यूरो (एनफोर्समेंट विभाग) द्वारा 25, माइनिंग एवं प्रवर्तन विभाग की संयुक्त कार्रवाई में 2, आरटीए विभाग द्वारा 3 तथा पुलिस विभाग द्वारा 1 वाहन जब्त किया गया। उन्होंने बताया कि इस दौरान कुल 38.11 लाख रुपये की राशि वसूली गई, जिसमें 27.50 लाख रुपये एनजीटी मुआवजा, रॉयल्टी एवं जुमार्ने के रूप में तथा 10.61 लाख रुपये अवैध खनन के मामलों में वसूले गए।

3 स्थानीय भाजपाई बन सकते अंबाला नगर निगम सदन में मनोनीत सदस्य

निगम सदन की बैठक में हो सकेंगे शामिल परंतु वोट का अधिकार नहीं-हेमंत

हेमंत ने आगे बताया कि मौजूदा अम्बाला नगर निगम सदन में हालांकि भाजपा से नव-निर्वाचित मेयर के अलावा निगम क्षेत्र के 16 वार्डो से निर्वाचित सदस्य, कांग्रेस के 3 वार्डो से निर्वाचित सदस्य जबकि एक निर्दलीय सदस्य है. इसके अतिरिक्त कांग्रेस के दो अन्य स्थानीय निर्वाचित प्रतिनिधि- अम्बाला लोकसभा सीट से कांग्रेस सांसद वरुण चौधरी और अम्बाला शहर से कांग्रेस विधायक चौधरी निर्मल सिंह और उनके साथ साथ अम्बाला कैंट से भाजपा विधायक अनिल विज भी अम्बाला नगर निगम के पदेन (अपने पद के कारण) सदस्य हैं.

अंबाला (सिटी मीडिया) आज से ठीक छः माह पूर्व 21 मई 2026 को अंबाला नगर निगम के तीसरे आम चुनाव संपन्न होने के पश्चात हरियाणा राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नव-निर्वाचित प्रत्यक्ष मेयर और निगम क्षेत्र के सभी 20 वार्डो से निर्वाचित न.नि. सदस्यों (जिन्हे आम तौर पर पार्षद/कौंसलर कहा जाता है हालांकि ये शब्द हरियाणा नगर निगम कानून में नहीं हैं) की प्रदेश के सरकारी गजट में नोटिफिकेशन प्रकाशित की गयी. तत्पश्चात उसके एक सप्ताह बाद 28 मई को ईद-उल-जुहा (बकरीद) अम्बाला मंडल के आयुक्त संजीव वर्मा, आई.ए.एस. द्वारा सर्वप्रथम प्रत्यक्ष (सीधी) तौर पर नव-निर्वाचित महिला मेयर अक्षिता सैनी को और तत्पश्चात सभी 20 न.नि. सदस्यों को सामूहिक तौर पर पद और निष्ठा की शपथ दिलाई गई थी.इसी बीच शहर के सेक्टर 7 (वार्ड 12) निवासी हाईकोर्ट एडवोकेट एवं म्युनिसिपल कानून विशेषज्ञ हेमंत कुमार ने बताया कि हालांकि हरियाणा नगर निगम निर्वाचन नियमावली, 1994 के नियम 71(2) के अनुसार सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर का निर्वाचन करने के लिए विशेष बैठक नगर निगम कमिश्नर द्वारा मेयर और नगर निगम सदस्यों की निर्वाचन नोटिफिकेशन के 60 दिनों के भीतर बुलाई जानी बनती है जिस बैठक की अध्यक्षता हालांकि नगर निगम मेयर द्वारा की जाएगी. हालांकि वास्तविकता यह है कि उपरोक्त दोनों पदों के चुनाव में महीनों और कई बार वर्षो का समय लग जाता है. पिछली बार दोनों पदों के लिए निर्वाचन अम्बाला नगर निगम के चुनाव के दो वर्षो बाद हुआ था जिससे पहले यह मामला हाईकोर्ट तक भी पहुँच गया था.गत वर्ष मार्च, 2025 में प्रदेश की 8 नगर निगमों के आम चुनाव होने के आज डेढ़ वर्ष बीते जाने के बाद भी मानेसर और गुरुग्राम नगर निगम को छोड़कर शेष सातों नगर निगमों (फरीदाबाद, हिसार करनाल, पानीपत, रोहतक और यमुनानगर) में सीनियर डिप्टी और डिप्टी मेयर का चुनाव आज तक लंबित है.

विज इसलिए शहर नगर निगम के पदेन सदस्य है क्योंकि नगर निगम में पड़ने वाला मंढौर गांव और कुछ अन्य क्षेत्र अम्बाला कैंट विधानसभा हलके में शामिल है. इसके अतिरिक्त हरियाणा से निर्दलीय राज्यसभा सांसद कार्तिकेय शर्मा भी अम्बाला नगर निगम के पदेन सदस्य हैं क्योंकि उनका निवास स्थान मॉडल टाउन अम्बाला नगर निगम में ही पड़ता है.

बैंक रोड सब डिवीजन नंबर-2 के नए भवन हेतु 3.75 करोड़ राशि को प्रशासनिक स्वीकृति मिली

अम्बाला छावनी (सिटी मीडिया) अम्बाला छावनी के नागरिकों और बिजली विभाग के कर्मचारियों के लिए एक बड़ी और राहत भरी खबर सामने आई है। हरियाणा के ऊर्जा मंत्री अनिल विज के निरंतर प्रयासों के चलते अम्बाला छावनी में उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के बैंक रोड स्थित सब-डिवीजन नंबर दो कार्यालय का नया एवं आधुनिक भवन जल्द बनकर तैयार होगा।

विज ने बताया कि नए भवन के निर्माण के लिए लगभग 3.75 करोड़ रुपए की राशि को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। स्वीकृति मिलने के साथ ही अब पुराने भवन के स्थान पर नए भवन के निर्माण कार्य जल्द होगा।

सब डिवीजन नंबर दो का नया भवन बनाने के लिए कुछ समय पहले ही एचएसईबी वर्कर यूनियन ने विज से मुलाकात कर नया भवन बनवाने की मांग रखी थी। कर्मचारियों की व्यावहारिक दिक्कतों और जनहित को ध्यान में रखते हुए ऊर्जा मंत्री ने इस मांग पर गंभीरता और सकारात्मकता के साथ कार्रवाई की तथा इसे पूरा कर दिखाया।

नया भवन बनने से जहां एक ओर बिजली उपभोक्ताओं को बिल संबंधी कार्यों, नए कनेक्शन, शिकायत निवारण और अन्य सेवाओं के लिए बेहतर माहौल मिलेगा, वहीं दूसरी ओर विभागीय स्टाफ को भी सुरक्षित और सुविधाजनक कार्यस्थल उपलब्ध हो सकेगा।

विज ने बताया कि प्रस्तावित नए भवन को आधुनिक एवं शानदार स्वरूप में तैयार किया जाएगा। इसमें स्टाफ के बैठने, रिकॉर्ड संधारण और कार्य करने की बेहतर व्यवस्था के साथ-साथ आने वाले उपभोक्ताओं के लिए भी समुचित सुविधाएं उपलब्ध होगी।

टीबी, एचआईवी और कुष्ठ रोग उन्मूलन के लिए सभी विभाग मिलकर करें काम - नगराधीश

अंबाला (सिटी मीडिया) उपायुक्त सचिन गुप्ता के मार्गदर्शन में उपायुक्त कार्यालय के सभागार में जिला टीबी फोरम एवं जिला टास्क फोर्स की संयुक्त बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता नगराधीश अभिषेक गर्ग ने की।

इस दौरान नगराधीश ने टीबी, एचआईवी, कुष्ठ रोग एवं वायरल हेपेटाइटिस की रोकथाम, समय पर पहचान, उपचार तथा इनके उन्मूलन के लिए संचालित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में उप सिविल सर्जन (टीबी) डॉ. सीमा तंवर ने बताया कि राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत जिले में वर्तमान में टीबी के 2,340 मरीज हैं। उन्होंने मरीजों की समय पर पहचान, जांच, नियमित उपचार एवं फॉलोअप सुनिश्चित करने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही गतिविधियों की जानकारी दी।

नगराधीश अभिषेक गर्ग ने टीबी उन्मूलन अभियान में जनभागीदारी बढ़ाने के लिए जोश टीम, माय भारत वालंटियर्स एवं एनसीसी कैडेट्स की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इनके माध्यम से लोगों को टीबी के लक्षणों, बचाव एवं उपचार के प्रति जागरूक करने के साथ संभावित मरीजों को जांच एवं उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाने में सहयोग लिया जाए। उन्होंने टीबी मुक्त ग्राम पंचायत एवं टीबी मुक्त शहरी वार्ड अभियान के तहत पंचायतों और शहरी निकायों की भागीदारी बढ़ाने पर जोर दिया।

40 लाख की ठगी करने वाला जालवाला कुआं का संदीप काबू

शहजादपुर (सिटी मीडिया) पुलिस ने 40 लाख की जमीन ठगी मामले में आरोपी संदीप (निवासी जालवाला कुआं गांव को गिरफ्तार कर कोर्ट के आदेश पर जेल भेज दिया। पुलिस ने आरोपी के पास से दो असली रजिस्ट्री बरामद की है। कक्कड़ माजरा गांव निवासी बलराम ने थाना शहजादपुर में धोखाधड़ी की शिकायत दी थी। कि 16 दिसंबर 2025 को जमीन के सौदे के दौरान आरोपी संदीप व अन्य लोगों ने बलराम के साथ करीब 40 लाख रुपये की ठगी की। सौदे में इकरारनामा किसी अन्य जमीन का किया गया, जबकि रजिस्ट्री किसी दूसरी जमीन के नाम करवा दी गई। शिकायत पर मामला दर्ज होने के बाद मामले की जांच पुलिस को सौंपी गई थी।

लोक समूह नृत्य में आईटीआई महिला अंबाला शहर ने मारी बाजी

अंबाला (सिटी मीडिया) युवा अधिकारिता एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में पंचायत भवन के सभागार में आयोजित दो दिवसीय जिला युवा महोत्सव का समापन हो गया। समापन समारोह में एसडीएम दर्शन कुमार मुख्य अतिथि रहे, जहां प्रधानाचार्य दिनेश राणा समेत अन्य स्टाफ ने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया। इस दौरान लोक समूह नृत्य में आईटीआई महिला अंबाला शहर प्रथम, आईटीआई भारांपुर द्वितीय और आईटीआई अंबाला शहर तृतीय रही। वहीं लोक समूह गायन में आईटीआई भारांपुर प्रथम, आईटीआई अंबाला शहर द्वितीय और महिला आईटीआई अंबाला शहर तृतीय रही।

मुख्य अतिथि एसडीएम दर्शन कुमार ने प्रतिभागियों को जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया और विजेताओं को प्रशंसा पत्र प्रदान किए।

प्रधानाचार्य दिनेश राणा ने बताया कि प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान पाने वाले प्रतिभागियों को 4100, 3100 और 2100 रुपये की पुरस्कार राशि डीबीटी के जरिये सीधे बैंक खातों में भेजी जाएगी।

T.T CONSULTANCY
Study Abroad
13/11-12/11
STUDY IN GERMANY UK
FRANCE ITALY
Shop No. 6 & 7, Shastri Nagar,
Near Old Bridge, Ambala City
Ms. Rachneet Jaggi, 98965-99332

Dr. ARORA'S
DENTAL SQUARE
क्या मुस्कुराते समय अपने टूटे या निकले हुए दांत छुपाते है?
क्या खाने में असुविधा होती है?
अब समय है स्थायी और मजबूत समाधान का
स्थायी समाधान - डेंटल इम्प्लांट
CBCT आधारित सटीक योजना द्वारा
अनुभवी MDS डाक्टर
डॉ. दीपक अरोड़ा
28 वर्षो का विश्वसनीय अनुभव
स्थायी दांतो का मरोसेमंद केंद्र
ADVANCED DENTAL IMPLANT CENTRE
995, Sector-7, A/City
94661- 80995, 94661-81995
9/1-8/2

कपाल मोचन मेला आस्था, सद्भाव और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक

व्यासपुर(हरकेश सिंह संधू) हरियाणा की धरती पर आस्था, अध्यात्म और सांस्कृतिक एकता की सदियों पुरानी परंपरा का प्रतीक मेला श्री कपाल मोचन-आदि बद्री मेला शुक्रवार को श्रद्धा और उल्लास के साथ शुरू हुआ। मेले के उद्घाटन अवसर पर श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि कपाल मोचन ऐसा पावन स्थल है, जहाँ विभिन्न धर्मों और सम्प्रदायों की आस्था एक साथ दिखाई देती है। इस अवसर पर केंद्रीय विरासत एवं पर्यटन मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने गुरु घर में माथा टेका और हवन यज्ञ के साथ श्री कपाल मोचन श्री आदिबद्री मेले का शुभारंभ किया। इसके उपरांत उन्होंने कपाल मोचन, ऋण मोचन और सूरजकुंड सरोवरों का अवलोकन भी किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार धार्मिक और सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ विकास को भी समान प्राथमिकता दे रही है। इसी कड़ी में मुख्य अतिथि द्वारा प्रदेशवासियों को विकासात्मक परियोजनाओं की सौगात देते हुए 187 करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया गया। इनमें 16 नई अमृत फामेसी शामिल हैं, जहां आमजन को जीवन रक्षक दवाइयां रियायती दरों पर उपलब्ध होंगी।

ढंडारी कलां स्टेशन पर 14 ट्रेनों का ठहराव 3 महीने के लिए बढ़ा

अंबाला (सिटी मीडिया) लुधियाना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ को कम करने के उद्देश्य से उत्तर रेलवे ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। रेलवे प्रशासन ने ढंडारी कलां रेलवे स्टेशन पर 14 प्रमुख ट्रेनों के अस्थायी ठहराव को अगले तीन महीनों के लिए यानी मार्च 2027 के अंत तक बढ़ाने की मंजूरी दे दी है। उत्तर रेलवे मुख्यालय के प्रवक्ता हिमांशु शेखर उपाध्याय ने बताया कि यह विस्तार फिरोजपुर मंडल के प्रस्ताव पर स्वीकृत किया गया है। पहले इन ट्रेनों का ठहराव दिसंबर 2026 के अंत तक निर्धारित था। इसे अब यात्री सुविधा को देखते हुए 27 मार्च से 31 मार्च 2027 तक अलग-अलग तिथियों के अनुसार बढ़ा दिया गया है। ट्रेन नंबर 12054 अमृतसर-हरिद्वार एक्सप्रेस, पहले 30 दिसंबर 2026 तक ठहराव था, अब 31 मार्च 2027 तक रुकेगी। इसी प्रकार 14618 अमृतसर-पूर्णिया कोर्ट 31 मार्च 2027 तक, 22552 जालंधर सिटी-दरभंगा 28 मार्च, 14616 अमृतसर-लालकुआं 27 मार्च, 15212 अमृतसर-दरभंगा 31 मार्च, 12204 अमृतसर-सहरसा 31 मार्च, 12498 अमृतसर-नई दिल्ली 31 मार्च, 14680 अमृतसर-दिल्ली 31 मार्च, 14650 अमृतसर-जयनगर 31 मार्च और 14649 जयनगर-अमृतसर 4 जनवरी को रद्द रहेगी।

तोपखाना बाजार में दुकान में घुसकर संयम व परिजनों पर हुए हमले में 6 के खिलाफ केस दर्ज

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) तोपखाना बाजार में कार निकालने को लेकर हुई कहासुनी के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि करीब आधे घंटे बाद दो नामजद युवकों समेत छह हमलावर डंडों और बिंडों से लैस होकर व्यापारी की दुकान में घुस आए और उसके परिवार के सदस्यों पर हमला कर दिया।

मारपीट में तोपखाना बाजार निवासी संयम, व्यापारी, उसके चाचा और भाई के सिर पर चोटें आईं, जबकि दुकान में रखे बिजली के सामान में भी तोड़फोड़ की गई। थाना कैंट पुलिस ने शिकायत और मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संयम ने पुलिस को बताया कि बाजार में मंदिर वाले चौक के पास उसके परिचित सरदार मिट्ठू की कार चालक के साथ गाड़ी निकालने को लेकर बहस हो रही थी।

वह बीच-बचाव करने पहुंचा तो कार चालक ने उसे जान से मारने की धमकी दी।करीब आधे घंटे बाद वही चालक टुंडली गांव निवासी कमलजीत सिंह, रिषभ और चार-पांच अन्य युवकों के साथ उसकी दुकान पर पहुंचा। आरोपियों ने दुकान में घुसकर संयम और उसके चाचा सुरेंद्र मोहन के सिर पर डंडों से वार किए। शोर सुनकर ऊपर मकान से आए भाई विक्रांत के सिर पर भी हमला किया गया,

मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे 20 नाबालिग रेस्क्यू कर बचाए

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) संयुक्त टीम ने जननायक एक्सप्रेस में चेकिंग अभियान चलाकर बाल मजदूरी के लिए ले जाए जा रहे 20 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया। सभी बच्चे बिहार और उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। उन्हें 12 घंटे काम कराने के बदले 12 हजार से 18 हजार रुपये मासिक वेतन का लालच देकर पंजाब के ईंट भट्ठों, राइस मिल, करनाल की जूता फैक्टरी और अन्य स्थानों पर ले जाया जा रहा था।

यह कार्रवाई एक्सेस टू जस्टिस फॉर चिल्ड्रेन कार्यक्रम के तहत जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रन अलायंस के टोल-फ्री नंबर पर मिली गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलने पर जिला युवा विकास संगठन के प्रधान परमजीत सिंह बड़ौला के निर्देश पर विभिन्न विभागों को अलर्ट किया गया। इसमें महिला एवं बाल विकास विभाग, बाल कल्याण समिति, जिला बाल संरक्षण इकाई, जीआरपी, आरपीएफ, सीआईबी और एएचटीयू की टीम शामिल हुई। रात करीब 12:44 बजे ट्रेन संख्या 15211 जननायक एक्सप्रेस अंबाला कैंट स्टेशन पहुंची तो संयुक्त टीम ने जांच कर सभी 20 बच्चों को सुरक्षित उतार लिया।

टुंडला गांव में गली में झाड़ू लगाने को लेकर हुए विवाद में बाला देवी की मौत

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) डिफेंस कॉलोनी टुंडला गांव में सफाई करने और घर के सामने जमा पानी निकालने को लेकर पड़ोसियों के बीच हुआ विवाद मारपीट तक पहुंच गया। डिफेंस कॉलोनी (सेक्टर-बी, टुंडला गांव) निवासी 66 वर्षीय बाला देवी ने पुलिस को बताया कि 12 नवंबर की सुबह वह घर के बाहर गली में झाड़ू लगा रही थीं। इसी दौरान पड़ोसी देवी दयाल पानी निकालने और सफाई को लेकर उनसे बहस करने लगा। देखते ही देखते विवाद बढ़ गया और देवी दयाल के पिता रामकुमार, पत्नी रेखा रानी व मां भी मौके पर पहुंच गए। आरोप है कि उन्होंने रास्ता रोककर गाली-गलौच शुरू कर दी। इस दौरान एक परिवार के बेटे के साथ हाथापाई की गई और बीच-बचाव करने आई महिला पर नुकीली चीज से हमला किया गया। घटना के कुछ घंटे बाद महिला के पति की तबीयत बिगड़ गई। परिजन उन्हें अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने महिला की

रेलवे ने 39 ट्रेनें रद्द की, 9 के बदले रूट

अंबाला छावनी (सिटी मीडिया) लुधियाना जंक्शन से फिरोजपुर कैंट और धुरी जंक्शन रेलखंड पर दोहरीकरण कार्य के कारण लुधियाना स्टेशन पर प्री नॉन-इंटरलॉकिंग और नॉन-इंटरलॉकिंग का काम किया जाएगा।

इस कारण उत्तर रेलवे ने 10 जनवरी 2027 तक अलग-अलग तारीखों में रेल यातायात में व्यापक बदलाव किया है। इस दौरान कुल 39 ट्रेनें रद्द रहेंगी, जबकि 8 ट्रेनें आंशिक रूप से रद्द की जाएंगी। इसके अलावा 9 ट्रेनों के रूट बदले जाएंगे और कई ट्रेनों को री-शेड्यूल करने के साथ रास्ते में नियंत्रित किया जाएगा। कुछ ट्रेनें चार घंटे तक की देरी से चल सकती हैं। मुख्य जनसंपर्क अधिकारी हिमांशु शेखर उपाध्याय ने यात्रियों से अपील की है कि असुविधा से बचने के लिए यात्रा शुरू करने से पहले रेलवे पूछताछ सेवा 139 पर कॉल करें या एनटीईएस एप/वेबसाइट पर अपनी ट्रेन की ताजा स्थिति जरूर जांच लें। ट्रेन नंबर 19027 बांद्रा टर्मिनस-जम्मूतवी 2 जनवरी को और जम्मूतवी-बांद्रा टर्मिनस 19028) 4 जनवरी को रद्द रहेगी।

प्रदेश में 24 से शुरू होगा गन्ने का पेराई सत्र

अंबाला (सिटी मीडिया) प्रदेश की शुगर मिलों में गन्ने का पेराई सत्र 24 नवंबर से शुरू होगा। इस बार करीब 338.50 लाख क्विंटल गन्ना मिलने की उम्मीद है। हरियाणा राज्य सहकारी चीनी मिल संघ लिमिटेड की 10 में से 9 शुगर मिलों के पेराई सत्र का समय निर्धारित हो गया है।

सहकारिता विभाग के अनुसार करनाल, शाहाबाद और पलवल चीनी मिलों में 24 नवंबर से पेराई सत्र शुरू होगा। पानीपत में 30 नवंबर को पेराई सत्र का शुभारंभ होना है। महम और सोनीपत शुगर मिल में 3 दिसंबर को सत्र का संचालन होगा। कैथल में 4 दिसंबर और रोहतक में 8, जींद में 9 दिसंबर को पेराई सत्र शुरू होगा।

इस बार क्षेत्रफल भी अधिक

राज्य में इस वर्ष 1 लाख 77 हजार 303 एकड़ क्षेत्रफल में गन्ना की फसल है। वर्ष 2025-2026 में यह क्षेत्रफल 1 लाख 72 हजार 364 एकड़ था। पिछली बार भारी बरसात के चलते करीब 295 लाख क्विंटल गन्ना ही मिल सका था। इस बार बरसात या बीमारी का कोई अधिक प्रभाव नहीं है।

अग्निशमन कर्मचारी मांगें पूरी न होने पर 30 नवंबर को प्रदर्शन करेंगे

अंबाला (सिटी मीडिया) हरियाणा अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन ने महानिदेशक को पत्र भेजकर 11 सितंबर को मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ हुई वार्ता के समझौतों को जल्द लागू करने की मांग उठाई है। यूनियन ने चेतावनी दी है कि यदि 29 नवंबर तक मांगें पूरी नहीं हुईं तो 30 नवंबर को पंचकूला में प्रदर्शन किया जाएगा। यूनियन के राज्य प्रधान राजिन्दर सिनद और राज्य महासचिव गुलशन भारद्वाज ने यहां जारी बयान में कहा कि मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति बनी थी। उन्हें तय समय में लागू करने का आश्वासन भी मिला था। दो महीने से अधिक समय बीतने के बाद भी अधिकांश मांगों के आदेश जारी नहीं हुए हैं। अधिकारी लगातार टालमटोल का रवैया अपना रहे हैं। अग्निशमन कर्मचारी जान जोखिम में डालकर जनता की सुरक्षा करते हैं उलेकिन उन्हें अपने अधिकारों के लिए बार-बार संघर्ष करना पड़ रहा है।

मांगों में आगजनी में मृत्यु पर परिवार को 50 लाख रुपये मुआवजा देने की नीति शामिल है।

साप्ताहिक भविष्यफल

मेषः इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारियां मिल सकती हैं। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और धन लाभ के नए अवसर प्राप्त होंगे। व्यापार में किए गए प्रयास सफल रहेंगे। परिवार में सुख-शांति का वातावरण बना रहेगा। किसी शुभ समाचार से मन प्रसन्न होगा। सप्ताह आपके लिए उन्नति और सफलता लेकर आएगा।

वृषभः इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और रुका हुआ धन प्राप्त होने के योग हैं। व्यापार में नई योजनाएं लाभदायक रहेंगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और घर में खुशी का माहौल रहेगा। सामाजिक मान-सम्मान बढ़ेगा। कोई महत्वपूर्ण कार्य आपकी उम्मीद के अनुसार पूरा हो सकता है।

मिथुनः इस सप्ताह मेहनत का पूरा फल मिलने के योग हैं। नौकरी में अधिकारियों का सहयोग मिलेगा और व्यापार में नए संपर्क लाभ देंगे। आर्थिक स्थिति बेहतर होगी तथा धन संबंधी चिंता कम होगी। परिवार में आपसी प्रेम बढ़ेगा। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा रहेगा। किसी पुराने मित्र से मुलाकात सुखद रहेगी।

कर्कः इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपकी प्रतिभा की प्रशंसा होगी। धन प्राप्ति के अच्छे अवसर मिलेंगे और आर्थिक स्थिति में मजबूती आएगी। व्यापार में कोई बड़ा निर्णय लाभदायक सिद्ध हो सकता है। परिवार में शुभ समाचार मिलने के योग हैं।

सिंहः इस सप्ताह आत्मविश्वास बढ़ेगा और महत्वपूर्ण कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में पद-प्रतिष्ठा बढ़ने के अवसर बनेंगे। व्यापार में विस्तार की योजना सफल हो सकती है। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और धन लाभ के योग हैं। परिवार का सहयोग मिलेगा। सामाजिक क्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ सकता है।

कन्याः इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत रंग लाएगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और आय के नए साधन बन सकते हैं। व्यापार में लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी। पुराने रुके हुए कार्य पूरे होने लगेंगे। स्वास्थ्य के प्रति थोड़ी सावधानी रखते हुए अपनी दिनचर्या व्यवस्थित रखें।

तुलाः इस सप्ताह भाग्य आपका साथ देगा और कई सकारात्मक बदलाव देखने को मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में नई उपलब्धियां हासिल हो सकती हैं। आर्थिक लाभ के अच्छे अवसर मिलेंगे। व्यापार में नए सौदे लाभदायक रहेंगे। परिवार में प्रेम और सामंजस्य बढ़ेगा। किसी महत्वपूर्ण व्यक्ति से मुलाकात भविष्य में लाभ दे सकती है।

वृश्चिकः इस सप्ताह मेहनत और आत्मविश्वास से सफलता प्राप्त करेंगे। कार्यक्षेत्र में आपकी स्थिति मजबूत होगी और नई जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक लाभ के अवसर बनेंगे तथा रुके हुए धन की प्राप्ति हो सकती है। व्यापार में नई योजना सफल रहेगी। परिवार में खुशी का वातावरण रहेगा।

धनुः इस सप्ताह भाग्य का पूरा सहयोग मिलने के योग हैं। कार्यक्षेत्र में उन्नति के अवसर प्राप्त होंगे और व्यापार में लाभ बढ़ेगा। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी तथा अचानक धन लाभ भी हो सकता है। परिवार के साथ सुखद समय बिताने का अवसर मिलेगा। धार्मिक यात्रा या शुभ कार्य में शामिल होने का योग है।

मकरः इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत को पहचान मिलेगी। नौकरी में जिम्मेदारी बढ़ सकती है, जिसका भविष्य में लाभ मिलेगा। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा, लेकिन अनावश्यक खर्च से बचें। व्यापार में सोच-समझकर लिया गया निर्णय लाभ देगा। परिवार में किसी शुभ समाचार से प्रसन्नता होगी।

कुंभः इस सप्ताह नए अवसर आपके जीवन में प्रगति लेकर आएंगे। कार्यक्षेत्र में सफलता मिलेगी और व्यापार में नए संपर्क लाभदायक साबित होंगे। आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और धन लाभ के योग बनेंगे। परिवार और मित्रों का सहयोग मिलेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। किसी शुभ कार्य में शामिल होने

मीनः इस सप्ताह कार्यक्षेत्र में उन्नति और सफलता के अवसर मिलेंगे। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा तथा धन प्राप्ति के नए रास्ते खुलेंगे। व्यापार में लाभ के योग हैं और कोई महत्वपूर्ण योजना सफल हो सकती है। परिवार में प्रेम और सुख-शांति बनी रहेगी। शुभ समाचार मिलने से मन प्रसन्न होगा। ईश्वर की कृपा से सप्ताह सकारात्मक और मंगलमय रहेगा।